राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, दुर्गापुरा जयपुर

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर

क्रमांकः प.14(65)(1)RSSB / अर्थना / म.अ.वि.. / सुपरवाईजर / पात्रता / 2019 /749 दिनांक 26.7.2021

–:: कार्यालय आदेश ::–

बोर्ड द्वारा महिला अधिकारिता विभाग, जयपुर के लिये राजस्थान महिला अधिकारिता (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम–2017 एवं राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्ते) नियम, 2014 के अन्तर्गत महिला अधिकारिता विभाग के लिये सुपरवाईजर (महिला अधिकारिता) के कुल 186 (गैर अनुसूचित क्षेत्र के 164 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 22) पदों पर भर्ती की विज्ञापन संख्या 04 / 2018 दिनांक 13.03.2018 को बोर्ड द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र (On Line Application Form) आमन्त्रित किये गये थे। उक्त भर्ती की परीक्षा दिनांक 06.01.2019 को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा का परिणाम बोर्ड द्वारा दिनांक 22.07.2019 को जारी किया गया है। महिला सुपरवाईजर (महिला अधिकारिता) सीधी भर्ती–2018 में गैर अनुसूचित क्षेत्र 08 अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन के लिये सूचीबद्ध किया गया है। इन अभ्यर्थियों की पात्रता की जाँच मूल दस्तावेजों से की जानी है। साथ ही पात्रता एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचीबद्ध अभ्यर्थियों से विस्तृत आवेदन पत्र (दो प्रतियों में) भी लिया जाना है। अतः महिला सुपरवाईजर (महिला अधिकारिता) सीधी भर्ती–2018 में सूचीबद्ध अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे निम्नानुसार अपने रोल नम्बर के सामने अंकित दिनांक **02.08.2021** को प्रातः 10.00 बजे से **राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर** पर पात्रता की जांच हेतु आवश्यक रूप से विस्तृत आवेदन (दो प्रतियों में) एवं मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होवें :–

गैर–अनुसूचित क्षेत्र

रोल नम्बर	दिनांक
143419 293985 326104 328758 345600 359137 386414 400969	02.08.2021

(CUT OFF MARKS)
HORIZONTAL RESERVATION

CATEGORY	CUT OFF MARKS
SPORTMAN	128(F)
B/LV	144(M)
LD/CP	125.1111(F)

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय अभ्यर्थी निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखे :–

1. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर "अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश" एवं महिला सुपरवाईजर (महिला अधिकारिता) सीधी भर्ती–2018 के लिये दिनांक 13.03.2018 को जारी विज्ञप्ति का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले। विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र एवं निर्देश तथा विस्तृत आवेदन का प्रारूप मय प्रपत्रों के बोर्ड़ की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

2. विस्तृत आवेदन दो प्रतियों में अलग–अलग लाना है। विस्तृत आवेदन की फोटोप्रति स्वीकार नही की जायेगी। विस्तृत आवेदन की एक प्रति के साथ 100/रू. का भारतीय पोस्टल ऑर्डर, सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के नाम से संलग्न करना है।

3. शैक्षणिक योग्यता, आयु, श्रेणी(अनुसूचित जाति, अनु. जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग), विशेष श्रेणी(भूतपूर्व सैनिक,उत्कृष्ट खिलाडी, विशेष योग्यजन, अनुसूचित क्षेत्र), चरित्र, वैवाहिक स्थिति(विधवा, परित्यकता), संतान संबंधी, सेवारत होने संबंधी **मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से साथ लावें।**

4. सभी वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी, जिनके परिवार की वार्षिक आय 2.50 लाख रूपये से कम है तथा वें परीक्षा शुल्क रूपये 250/– ही जमा कराते है, ऐसे अभ्यर्थी अपने परिवार की वार्षिक आय 2.50 लाख रूपये से कम होने का सक्षम प्राधिकारीं द्वारा जारी आय प्रमाण–पत्र पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन के समय आवश्यक रूप से प्रस्तुत करना होगा।

5. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण–पत्रो एवं दस्तावेजों की स्वंय द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करें।

(पुष्करराज शर्मा)
सचिव